दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)
रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001
Email: exam@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone & Fax 0788-2359300

क्र. 758 /परीक्षा/2017 दुर्ग, दिनांक 21.11.2017

//अधिसूचना//

दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा सत्र 2017–18 हेतु **ऑनलाईन नामांकन प्रक्रिया दिनांक 24 एवं 25 नवम्बर 2017** एवं **सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर–जनवरी 2017–18 हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म दिनांक 28, 29 एवं 30 नवम्बर 2017 को पुनः प्रारंभ की जा रही है।** अतः समस्त ऐसे छात्र जिन्होंने अपना नामांकन आवेदन फार्म अथवा सेमेस्टर परीक्षा आवेदन फार्म अभी तक नहीं भरा है वें इन दिवसों में अपने आवेदन फार्म निर्धारित तिथियों के अनुरूप ऑनलाईन पद्धति से भर सकते हैं।

जो छात्र दिनांक 24 एवं 25 नवम्बर 2017 को ऑनलाईन नामांकन फार्म भरेंगे उन्हें उनका नामांकन नम्बर उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर दिनांक 27.11.2017 तक प्रेषित कर दिया जायेगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपना मोबाईल नम्बर, अपने परिवार/नजदीकी व्यक्ति का ही दें। (सायबर कैफे वाला मोबाईल नम्बर देने पर नामांकन नम्बर सायबर पर ही पहुंच जायेगा।)

जिन छात्रों ने अभी तक नामांकन नहीं कराया है वे ऑनलाईन नामांकन आवेदन फार्म भरेंगे। नामांकन आवेदन फार्म की प्रक्रिया करते समय उन्हें पेमेंट ऑनलाईन जमा नहीं करना है, वे शुल्क ऑफलाईन देना बैंक की शाखा में खाता क्र. **147310034606 में** जमा कर रसीद की कापी नामांकन फार्म के प्रिंटआउट के साथ संलग्न कर संबंधित महाविद्यालय में जमा करनी होगी। जिसे सेमेस्टर परीक्षाओं के फार्मों के साथ संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य विश्वविद्यालय में जमा करायेंगे।

पूर्व में जिन छात्रों ने ऑफलाईन नामांकन आवेदन फॉर्म अपने महाविद्यालय में जमा किया है ऐसे छात्रों को पुनः ऑनलाईन नामांकन आवेदन फार्म भरना अनिवार्य है, लेकिन उन्हें पुनः नामांकन आवेदन शुल्क नहीं जमा करना होगा एवं नामांकन आवेदन की हार्डकापी भी जमा नहीं करनी होगी। लेकिन ऐसे छात्र भरे गये ऑनलाईन नामांकन की प्रिंट कापी अपने पास सुरक्षित रखेंगे, ताकि अवसर आने पर उनसे मांग की जा सके। प्राचार्य ऐसा सुनिश्चित करें कि जिन छात्रों ने ऑफलाईन आवेदन आज से पूर्व भर दिया है वे निश्चित रूप से पुनः ऑनलाईन फार्म की उपरोक्त प्रक्रिया पूरी करें।

उक्त तिथियों के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं महाविद्यालय किसी भी छात्र/छात्रा को इस संबंध में विश्वविद्यालय न भेजें।

कुलसचिव
दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)